Bharat Temples

सांसो के टूटने लगे श्याम अब डोरे,
दे दो दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े,
बाबा बाबा, बाबा, बाबा,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े।।

तर्ज प्यार झूठा सही दुनिया को।

क्या पता पल का,
कब ये दुनिया छोड़ जाऊंगा,
इस जनम श्याम तुझसे,
नाता तोड़ जाऊंगा,
तन ये पुतला माटी का,
माटी हो जाना है,
जाते जाते ओ श्याम,
प्यार तेरा पाना है,
तेरा दर्शन ही द्वार,
स्वर्ग का मेरा खोले,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े,
बाबा बाबा, बाबा, बाबा,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े।।

ओ मेरे सांवरे तू यार,
मेरा प्यार भी है,
तू ही दौलत है मेरी,
श्याम तू संसार भी है,
मुझको मालुम है तू दर्शन,
देने आएगा,
बहते आंसू मेरे ना,
श्याम देख पाएगा,
श्याम तेरा नाम मेरा,
मन ये हर पल बोले,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े,
बाबा बाबा, बाबा, बाबा,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े ।।

आज ये भक्त श्याम तेरा,
जिद पे आन पड़ा,
देख ले एक नजर,
मौत के द्वारे मैं खड़ा,
आज मेरी भी श्याम तुझसे,
ये लड़ाई है,
तेरी भक्ति में उम्र सारी,
ये बिताई है,
हाथ थामा तूने मेरा,
क्यों है अब छोड़े,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े,
बाबा बाबा, बाबा, बाबा,

दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े।।

सांसो के टूटने लगे श्याम अब डोरे,
दे दो दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े,
बाबा बाबा, बाबा, बाबा,
दे दों दर्शन श्याम मुझको,
मेरे दिन थोड़े।।

गायक संदीप कपूर जी।

Source:
https://www.bharattemples.com/de-do-darshan-shyam-mujhko-mere-din-thode/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw